समाचार

छठ पूजा महापर्व

छठ घाटों की सफाई हेतु निगम ने चलाया विशेष अभियान

(अधिकांश घाटों की सफाई का कार्य पूर्ण, शेष बचे घाटों का सफाई कार्य एवं आवश्यक व्यवस्थाएं अंतिम चरण में)

कोरबा 15 नवम्बर 2015–कलेक्टर श्री पी.दयानंद के मार्गदर्शन एवं आयुक्त श्री अजय कुमार अग्रवाल की देखरेख में निगम क्षेत्र में स्थित विभिन्न छठ घाटों की बेहतर साफ–सफाई, छठ घाट परिसरों के समलतीकरण सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं किये जाने हेतु निगम द्वारा विशेष अभियान विगत दिनों से चलाया जा रहा है, क्षेत्र के अधिकांश छठ घाटों में उक्त व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई है तथा शेष छठ घाटों में व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिये जाने का कार्य अपने अंतिम चरण में है।

यहां उल्लेखनीय है कि सूर्य उपासना का महान पर्व छठ पूजा का त्यौहार आज से प्रारंभ हो चुका है, जिसका समापन 18 नवम्बर को सुबह का अर्ध्य देने के पश्चात होगा। छठ पूजा हेतु नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र के अंतर्गत लगभग दर्जन भर बड़े छठ घाट स्थापित है, इसके साथ ही एक दर्जन से अधिक अन्य छोटे–छोटे घाट भी हैं, जहां पर नागरिकों द्वारा छठ पूजा का कार्य सम्पन्न किया जाता है। छठ पूजा हेतु इन घाटों की साफ–सफाई, रोशनी तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किये जाने के संबंध में कलेक्टर श्री पी.दयानंद के मार्गदर्शन एवं निगम आयुक्त श्री अजय कुमार अग्रवाल की देखरेख में निगम अमले द्वारा विगत दिनों से एक विशेष अभियान चलाकर इस दिशा में आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। निगम क्षेत्र में स्थित ढेगुरनाला छठ घाट, मुड़ापार तालाब, सर्वमंगला मंदिर के समीप स्थित छठ घाट, मानिकपुर पोखरी, बालको में राममंदिर के समीप स्थित छठ घाट, दर्री बराज, विकासनगर स्थित छठघाट, मोंगरा तालाब, घुड़देवा बस्ती, सुराकछार, सीतामणी पोखरी स्थित छठ घाट आदि सहित अन्य घाटों में निगम द्वारा एक विशेष अभियान चलाकर छठ घाट परिसरों के समतलीकरण, वहां की बेहतर साफ–सफाई, रोशनी आदि की व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही है, इनमें अधिकांश स्थलों पर साफ–सफाई का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा शेष छठ घाटों में यह कार्य अपने अंतिम चरण में है।

निगम ने जारी किये हेल्पलाईन नम्बर–महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं आयुक्त श्री अजय कुमार अग्रवाल ने छठ पूजा पर्व के इस अवसर पर अभिनव पहल करते हुए निगम के हेल्पलाईन नम्बर जारी किये हैं। निगम द्वारा छठ पूजा के अवसर पर हेल्प लाईन नम्बर निर्धारित करने का यह कदम पहली बार उठाया गया है। निगम के सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री व्ही.के. सारस्वत का मोबाईल नम्बर 97520–94146 तथा डॉ.संजय तिवारी का मोबाईल नम्बर 77730–02665 आदि नम्बर को हेल्पलाईन नम्बर बनाया गया है। छठ घाटों में साफ–सफाई संबंधी किसी भी प्रकार की समस्या के लिए इन हेल्पलाईन नम्बरों पर संपर्क किया जा सकता है। उन्होने निगम के जोन कमिश्नरों, जोन प्रभारियों, उप प्रभारियों एवं स्वच्छता विभाग से जुड़े अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा है कि छठ पूजा के दौरान छठ घाटों की साफ–सफाई एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर सतत नजर रखें तथा आवश्यकतानुसार तत्संबंध में समस्त आवश्यक कदम उठावें।